दिनांक : 08.05.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आज दिल्ली में होगी सर्वदलीय बैठक।
- नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश के पांच शहरों में किया गया मॉकड्रिल का आयोजन। मुख्यमंत्री ने कहा-नागरिक सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता।
- प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए सभी शहरों में उपलब्ध कराई जाएगी हॉस्टल सुविधा।
- रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की।

--------------

सर्वदलीय बैठक- ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को इस सैन्य अभियान की जानकारी देगी। नेताओं ने पार्टी लाइन से हटकर ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार द्वारा किसी भी कार्रवाई का विपक्ष ने पहले ही समर्थन किया था।

भारत ने अपनी भूमि पर हमला किए जाने पर जवाबी कार्रवाई के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तानी कब्ज़े वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को नष्ट करने का अभियान चलाया। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को कड़ा संदेश दिया है कि भारत कोई भी आतंकी हमला बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अभियान ने नरेंद्र मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता बरतने की नीति भी स्पष्ट रूप से दर्शा दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कल आयोजित बैठक में ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र बल की सराहना की। ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारत ने पहलगाम हमले के जिम्मेदार लोगों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी की। 25 मिनट चले इस ऑपरेशन और जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया।

मध्य प्रदेश-मॉक ड्रिल

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में कल मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल को अलग-अलग स्तरों पर बांटा गया था। वहीं, शाम 7ः30 बजे से 12 मिनट के लिए ब्लैकआउट भी किया गया। भोपाल और जबलपुर के एक-एक मॉल और इंदौर के डेंटल कॉलेज में आग लगने का सीन क्रिएट किया गया। इस दौरान पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। टीम में लोगों को यह भी बताया कि हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें और दूसरों की भी मदद करें। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस कार्यवाही का एमपी स्टेट सिविल डिफेंस कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर, भोपाल से पर्यवेक्षण किया।

मॉकड्रिल के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने जिलो कलेक्टरों से नागरिक सुरक्षा और आपात परिस्थिति से निपटने के लिए किये गए मॉकड्रिल की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इंदौर-प्रतिक्रिया

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहलगाम हमले में मारे गए इंदौर के सुशील नथानियल की पत्नी जेनिफर ने कहा, भारत ने सही समय पर बदला लिया, अब खौफ आतंकियों के चेहरे पर दिखना चाहिए। सुशील की पत्नी जेनिफर ने कहा कि सुबह 6 बजे मुझे पता चला कि भारत ने हमला कर दिया। वो जो चार आतंकवादी थे, उन्हें भी मारना चाहिए। जेनिफर की आंखों के सामने ही पहलगाम में आतंकियों ने सुशील की जान ले ली थी। आतंकी हमले में उनकी बेटी को भी गोली लगी थी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर इंदौर में 56 दुकान पर मिठाइयां बांटी गई। वहीं शहर के रीगल चौराहे पर संतों ने शंखनाद किया। पाकिस्तानी झंडे को जलाकर बोले, निर्दोषों की हत्या का बदला सेना ने लिया।

कामकाजी महिला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के

अंतर्गत संचालित "सखी-निवास" सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और पोषण की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग निश्चित कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें। आंगनवाड़ी भवनों की उपलब्धता और रख रखाव के लिए नगरीय निकायों और पंचायतराज संस्थाओं से भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए "मोटी आई" अभियान की सराहना की गई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में सड़कों का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए और उसमें दीर्घकालिक जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल एक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सड़क परियोजनाओं के निर्माण में तय समय-सीमा का पालन किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द बेहतर आवागमन सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क निर्माण में नवीन तकनीकों को अपनाया जाए और पर्यावरणीय मानकों का पालन कर पारिस्थितिकीय संतुलन का भी ध्यान रखा जाए।

बैठक में लोक निर्माण मंत्री एवं मप्र सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष राकेश सिंह के अलावा सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन से 30 मार्च को किया था, जो 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत नदियों,

नालों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है।

रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट मैच में चालीस दशमलव 57 के औसत से चार हजार तीन सौ एक रन बनाए हैं। इनमें बारह शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं।

इस बीच, 38 वर्षीय रोहित, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल ट्वेन्टी-ट्वेन्टी क्रिकेट लीग में चेन्नई सुपर किंग्स ने कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने दो गेंद शेष रहते 8 विकेट पर 183 रन बनाकर मैच जीत लिया।

आईपीएल में आज लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- धार, में  सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग भोपाल द्वारा धार के ग्राम जैतपुर स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों हेतु भूमि आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जिसमें 15 मई को सायं 5 बजे तक ऑनलाइन एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट के लिए आवेदन भरे जा रहे हैं।
- बैतूल-परासिया स्टेट हाईवे पर कल सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।
- रायसेन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में  हुई। बैठक में चिन्हित हॉट स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

-------